# <u>कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।</u>

**पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य/2022** **दिनांक 21/06/2025**

**सेवा में,**

**पुलिस उपाधीक्षक/स्टॉफ ऑफिसर**
**अपर पुलिस महानिदेशक,**
**वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0।**

कृपया पत्र संख्याः41/छः-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) के परिपेक्ष्य में आप अपने पत्र संख्या सोशल मीडिया-(18/2020 का अवलोकन करें, जो पुलिस विभाग एवं उसकी अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 20.06.2025** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

**<u>01. गाजीपुर पुलिस द्वारा IS-191 गैंग के पूर्व सरगना मुख्तार अंसारी की पत्नी आफ्सा अंसारी जो कि 50,000/- रू0 पुरुस्कार घोषित फरार अपराधी है के बैंक खाते से सम्बन्धित बैंक लॉकर को फ्रीज करने की कार्यवाही की गयी।</u>**

शासन द्वारा चिन्हित अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत दिनांक 20.06.2025 को प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर द्वारा थाना कोतवाली, गाजीपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 96/2023 धारा 406, 420, 386, 506 भादवि व मु0अ0सं0 667/2020 धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्ता व वर्तमान में पुरस्कार घोषित, फरार अपराधी आफ्सा अंसारी का एक बैंक खाता स0 10223102494 जो कि, स्टेट बैंक आफ इण्डिया शाखा- U.P. CIVIL SECRETARIAT-LUCKNOW की जानकारी प्राप्त हुई कि, उससे सम्बन्धित एक बैंक-लॉकर जिसमें कुछ गोपनीय दस्तावेज होनें की संभावना है जो प्रथम दृष्टया संदिग्ध प्रतीत होते हैं। इस सूचना पर प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली गाजीपुर द्वारा तत्काल सम्बन्धित बैंक से समन्वय स्थापित करते हुए उपरोक्त खाते से सम्बन्धित बैंक-लॉकर को फ्रीज करनें हेतु नियमानुसार रिपोर्ट प्रेषित की गयी तथा खाते से सम्बन्धित बैंक-लॉकर को तत्काल प्रभाव से फ्रीज करवाया गया। उपरोक्त के संदर्भ में अग्रिम कार्यवाही प्रचलित है।

➡ **<u>फ्रीज किये गये बैंक – लॉकर का विवरण–</u>**

अभियुक्ता आफ्सा अंसारी द्वारा संचालित खाता संख्या- 10223102494 स्टेट बैंक आफ इण्डिया शाखा- U.P. CIVIL SECRETARIAT-LUCKNOW में मौजूद बैंक-लॉकर जिसमें गोपनीय दस्तावेज होनें की संभावना है जो प्रथम दृष्टया संदिग्ध प्रतीत होते हैं को नियमानुसार फ्रीज किया गया है।

➡ **<u>अभियुक्ता का आपराधिक इतिहास–</u>**

1. मु.अ.सं. 689/2020 धारा 120बी, 420, 423, 465, 467, 468, 471, 474, 477(A) भादवि थाना कोतवाली, गाजीपुर
2. मु.अ.सं. 724/2019 धारा 379, 447 भादवि थाना कोतवाली, गाजीपुर
3. मु.अ.सं. 667/2020 धारा 2,3(1) यू0पी0 गैंगेस्टर एक्ट थाना कोतवाली, गाजीपुर
4. मु.अ.सं. 96/2023 धारा 386, 406, 420, 506 भादवि थाना कोतवाली, गाजीपुर
5. मु.अ.सं. 404/2023 धारा 174ए भादवि थाना कोतवाली, गाजीपुर
6. मु .अ.सं. 400/2023 धारा 120बी, 342, 386, 420 भादवि थाना कोतवाली, गाजीपुर
7. मु.अ.सं. 725/2019 धारा 379, 447 भादवि थाना कोतवाली, गाजीपुर
8. मु.अ.सं. 272/2022 धारा 419,420,467,468,471 भादवि व 3/4 सार्वजनिक सम्पत्ति नुकसान निवारण अधि0 थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर
9. मु.अ.सं. 227/2021 धारा 3/5 सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधि0 व 447 भादवि थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर।

**<u>02. थाना बहरियाबाद पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 106/25 धारा 333, 352, 351(3), 65(2) BNS व 5M/6 पॉक्सो एक्ट, 3(1)द,ध, 3(2)5 व 3(2)(5a) SC/ST ACT से सम्बन्धित 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।</u>**

अपराध एवम् अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 20.06.2025 को उ0नि0 बलवन्ता व उ0नि0 राजेश कुमार सिंह मय हमराहियान द्वारा मु0अ0सं0 106/25 धारा 333, 352, 351(3), 65(2) भारतीय न्याय संहिता 2023 व 5M/6 पॉक्सो एक्ट, 3(1)द,ध, 3(2)5 व 3(2)(5a) SC/ST ACT से सम्बन्धित नामजद वांछित अभियुक्त की पतारसी सुरागरसी की जा रही थी कि जरिये मुखबिर सूचना मिली कि मुकदमा उपरोक्त से सम्बंधित अभियुक्त रामअवध राजभर पुत्र बनारसी राजभर नि0ग्राम सरसौली थाना बहरियाबाद जनपद गाजीपुर कहीं भागने की फिराक में हाजीपुर पुलिया पर मौजूद है। जिसे पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का नाम पता –</u>**

1.रामअवध राजभर पुत्र बनारसी राजभर नि0ग्राम सरसौली थाना बहरियाबाद जनपद गाजीपुर उम्र करीब 52 वर्ष

**<u>अभियुक्त का आपराधिक इतिहास—</u>**

मु0अ0सं0 106/25 धारा 333, 352, 351(3), 65(2) भारतीय न्याय संहिता 2023 व 5M/6 पाक्सो एक्ट, 3(1)द,ध, 3(2)5 व 3(2)(5a) SC/ST ACT

**पुलिस अधीक्षक**
**गाजीपुर**